# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–03 अक्टूबर 2025** **सान्ध्य समाचार**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आठ प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर पर जोर दिया है। नई दिल्ली में आज कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वैश्विक अस्थिरता के बीच घरेलू कारकों से देश की विकास दर मजबूत बनी हुई है। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो मार्ग निर्धारित किए हैं। पहला मार्ग 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करना है, जबकि दूसरा मार्ग आत्मनिर्भरता के जरिए भारत को विकसित बनाना है।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली से बासठ हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न युवा–केंद्रित पहलों का शुभारंभ करेंगे। इसी क्रम में, वह युवाओं के कौशल विकास की एक ऐतिहासिक पहल के तहत, देश भर के एक हजार सरकारी आईटीआई संस्थानों के उन्नयन हेतु पीएम–सेतु का उद्घाटन करेंगे।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' ने आज अपने ग्यारह वर्ष पूरे कर लिए हैं। मन की बात का पहला एपिसोड तीन अक्टूबर दो हजार चौदह को विजयादशमी के अवसर पर प्रसारित किया गया था। एक रिपोर्ट–

**मन की बात कार्यक्रम प्रधानमंत्री और जनता के बीच संवाद का एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है। मन की बात कार्यक्रम के एक एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात के श्रोताओं की सराहना करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार वही हैं। मन की बात कार्यक्रम सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करता है जो लोगों को सामाजिक बदलाव के लिए प्रेरित करता है और राष्ट्रीय एकता पर बल देता है। इस रेडियो कार्यक्रम ने नीतियों को जन आंदोलन में बदल दिया है और यह दिखाया है कि एक नेता की आवाज देश के हर कोने तक पहुंच सकती है। अमन यादव के साथ शिवांग मिश्रा, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान दो सौ से अधिक लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को लोगों की समस्याओं के प्रभावी निस्तारण का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर अधिकारियों से कहा कि नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाना सरकार का संकल्प है, इसलिए जन समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता दें।

**********

प्रदेश के बरेली जिले में स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है। शहर में सामूहिक नमाज के बाद हुई हिंसा के एक हफ्ते बाद, शुक्रवार की नमाज से पहले कई संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी। हिंसा के बाद अब तक बयासी लोगों को गिरफ्तार किया गया है और नामजद व अज्ञात लोगों के खिलाफ दस एफआईआर दर्ज की गई हैं। प्रशासन ने जिले में इंटरनेट सेवाओं पर अड़तालीस घंटे की रोक लगा दी है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। एक रिपोर्ट–

**अगली पीढ़ी के लिए जीएसटी सुधारों के तहत, सरकार ने स्टेशनरी और शैक्षिक सामग्री पर बड़ी राहत दी है। छात्रों और खुदरा विक्रेताओं को लाभ पहुंचाने के लिए पेंसिल, नोटबुक, कॉपियां, अभ्यास पुस्तिका, ग्राफ बुक और प्रयोगशाला नोटबुक अब पूरी तरह जीएसटी मुक्त हो गया हैं। पेंसिल, शापनर और इरेजर पर अब कोई कर नहीं लगेगा। इसके अलावा, ज्योमैट्री बॉक्स और गणितीय उपकरण सेट पर पहले बारह प्रतिशत जीएसटी था, जिसे घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। इन बदलावों से छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के लिए आवश्यक स्टेशनरी और शैक्षिक सामग्री की लागत कम होगी। छोटे दुकानदारों और खुदरा विक्रेताओं की बिक्री में भी वृद्धि की भी उम्मीद है। नीतिका गुप्ता, आकाशवाणी समाचार, नई दिल्ली।**

**********

दुर्गा पूजा महोत्सव के बाद कल से ही मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन जारी है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। हमारे गोरखपुर प्रतिनिधि ने बताया कि वहां पूजा पांडाल समितियों से जुड़े लोग अबीर गुलाल उड़ाते हुए मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जित करने जा रहे हैं । सुरक्षित विसर्जन के लिए कुछ स्थानों पर रूट डायवर्जन भी लागू किया गया है।

**********

आगरा के खेरागढ़ थानाक्षेत्र के डूंगलरवाला उटंगन नदी में कल प्रतिमा विसर्जन के दौरान तेरह लोग डूब गये। स्थानीय प्रशासन के प्रयासों से अंतिम समाचार मिलने तक छह लोगों को बाहर निकाला जा सका था। इनमें से पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर तौर पर घायल है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने घटना स्थल का दौरा किया और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की।

**********

मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में पांच अक्टूबर तक कहीं–कहीं भारी बारिश की चेतावनी दी है। विभाग के अनुसार इस अंचल में आज और कल कहीं कहीं बिजली गिरने और तेज झोंकेदार हवा चलने की भी आशंका है। इस बीच, आज प्रदेश के गोरखपुर और प्रयागराज सहित कई अन्य जिलों में हल्की से लेकर तेज वर्षा होने से मौसम का मिजाज बदल गया। प्रदेश के पूर्वी हिस्से में अभी भी आसमान में बादल छाए हुए हैं।

**********